भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1505
10 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

अर्जुन टैंक

1505. श्री सय्यद ईमत्याज ज़लील :
श्री असादुद्दीन ओवैसी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अर्जुन टैंक भारतीय सेना में शामिल किए जाने के लिए सरकार की सहमति की प्रतीक्षा कर रहा है;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) इस टैंक के उन्नयन में डी.आर.डी.ओ. द्वारा कुल कितनी राशि व्यय की गई है;
(घ) क्या वैधता परीक्षण वर्ष 2018 में पूरे कर लिए गए थे; और
(ङ) यदि हां, तो इस टैंक के कब तक भारतीय सेना में शामिल किए जाने की संभावना है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (ड.): वर्ष 2008 से क्वांटिटी 124 मुख्य युद्ध टैंक (एमबीटी) अर्जुन मार्क-1 टैंकों को भारतीय सेना में शामिल किया गया है और इन टैंकों के साथ दो सशस्त्र रेजिमेंट पूर्णतः आपरेशनल हैं। इसके अतिरिक्त डीआरडीओ ने उन्नत एमबीटी अर्जुन मार्क-1ए टैंक को विकसित किया है। इस उन्नत एमबीटी अर्जुन मार्क-1ए टैंक ने दिसम्बर 2018 में वैधता परीक्षणों को पूरा

कर लिया है। डिलीवरी समय-सूची और अधिप्राप्ति के अन्य पहलू, संविदा/इंडेंट के निबंधन और शर्तों के अनुसार होते हैं।

*****